

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बुधवार 24 जून 2026 वर्ष 02 अंक 164 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।

## पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए बनेगा ऑनलाइन पोर्टल, आईआईटी पटना से होगा टाईअप



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में छात्र–छात्राओं की शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस–टू विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए आईआईटी पटना के साथ टाईअप किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, आधुनिक अध्ययन सामग्री और बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद सम्मानित किया जाए। इससे अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा।उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) एवं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफल होने वाले बिहार के अभ्यर्थियों को उनके अभिभावकों के साथ सामूहिक रूप से सम्मानित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के विद्यालयों एवं छात्रावासों में नामांकित पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं तथा उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने का निर्देश भी दिया। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र एवं अभिभावक अपनी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें दर्ज कर सकेंगे, जिनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा शिक्षा और कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी योजनाओं का लाभ पात्र छात्रों तक समय पर पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

## 26 जून को मुहर्रम, नालंदा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था फ्लैग मार्च से लेकर ड्रोन सर्विलांस तक तैयारी पूरी

### मुहर्रम से पहले डीएम–एसपी ने जारी किए सख्त निर्देश, संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय ब्री. फिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। इसमें जिले के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि नालंदा जिले में 26 जून 2026 को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। पर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने, सामा. जिक सौहार्द कायम रखने तथा अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया जुलूस एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसे देखते हुए सभी अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना, अफवाह अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराना है।मुहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी करने का निर्णय लिया गया है। ड्रोन के माध्यम से जुलूस मार्ग, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा प्रमुख चौक–चौराहों पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या विधि–व्यवस्था संबंधी समस्या की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को नियमित रूप से फ्लैग मार्च आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना रहे। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी पुलिस अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने, भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्टों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया देने को कह. ।।बैठक में पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों को भी पूरी सतर्कता और तत्परता बनाए रखने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को दें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता जताई है।

## बिहार संग्रहालय देशभर के लिए बना रोल मॉडल स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बिहार संग्रहालय में आयोजित बिहार संग्रहालय समिति की शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संग्रहालय के विकास, आगामी कार्यक्रमों तथा पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार संग्रहालय समिति आज देशभर में संग्रहालय विकास का एक रोल मॉडल बनकर उभरी है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली, गुजरात, ओडिशा और तेलंगाना सहित देश के नौ संग्रहालयों की स्थापना एवं विकास में बिहार संग्रहालय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार संग्रहालय ने गत वर्ष पांच लाख से अधिक टिकटधारी आगंतुकों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता तथा लोगों के सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रमाण है। उन्होंने इसे राज्य के सांस्. तिक और पर्यटन विकास के लिए सकारात्मक संकेत बताया। बैठक में 7 से 10 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले बिहार संग्रहालय स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समारोह का भव्य, आकर्षक और सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने संग्रहालय की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में बिहार की समृद्ध लोककला, लोकसंस्कृति और लोक परंपराओं को प्रमुखता देने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत को बेहतर ढंग से समझ सकेगी और उससे जुड़ाव भी बढ़ेगा। बैठक के दौरान पर्यटन, संस्कृति एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टूर गाइड, डिजाइन एवं लोककलाओं से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे और सांस्कृतिक क्षेत्र को भी मजबूती देंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार संग्रहालय को विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं पर्यटकों के लिए और अधिक उपयोगी, आकर्षक तथा ज्ञानवर्धक बनाया जाए, ताकि यह देश–विदेश के लोगों के लिए एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

## कृषि स्टार्टअप और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने पर जोर, किसानों की आय बढ़ाने के निर्देश



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित श्संकल्प सभागारश में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि क्षेत्र के विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा आधु. निक तकनीकों के उपयोग को लेकर अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने बिहार कृषि स्टार्टअप नीति के तहत नवाचार, आधुनिक तकनीकों और एग्री–टेक को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र को अधिक उत्पादक, प्रतिस्पर्धी और लाभकारी बनाने के लिए नई तकनीकों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्टार्टअप आधारित कृषि मॉडल को प्रोत्सा. हित करने तथा युवाओं को कृषि उद्यमिता से जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम स्तर तक कृषि विस्तार सेवाओं को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ उठाकर उत्पादन बढ़ा सकें।मुख्यमंत्री ने बिहार के विशिष्ट कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने के लिए समेकित रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर विपणन व्यवस्था विकसित कर किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक में आम, शहद और केला उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इन क्षेत्रों में तेजी से कार्य करने तथा किसानों को इन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष प्रयासों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए और कृषि को राज्य की समृद्धि का मजबूत आधार बनाया जाए। बैठक में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा कृषि विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।




# राजगीर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विकास कार्यों का लिया जायजा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जदयू नेता नीतीश कुमार मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पर्यटन नगरी राजगीर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। राजगीर पहुंचने के बाद नीतीश कुमार सबसे पहले परिसदन पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास और जनसरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने राजगीर में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने वन विभाग के गेस्ट हाउस तथा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का अवलोकन किया। उन्हा. ेने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि राजगीर राज्य का महत्वपूर्ण पर्यटन एवं ध. ार्मिक केंद्र है, इसलिए यहां की आधारभूत संरचनाओं का विकास प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। निरीक्षण कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार पटना के लिए रवाना हो गए।इस अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, विधायक कौशल किशोर, पूर्व विधान पार्षद राजू यादव, जदयू जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद सहित पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक में नालंदा

## की रेल परियोजनाओं को लेकर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने उठाए कई मुद्दे



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** रेलवे भर्ती बोर्ड, महेंद्रू घाट, पटना के सभागार में मंगलवार को दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह एवं मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उप. स्थित रहे। बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह ने सांसद कौशलेंद्र कुमार का स्वागत किया। अध्यक्षीय संबोधन में सांसद ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए नालंदा जिले में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं की समीक्षा की तथा रेलवे से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। सांसद ने राजगीर–हावड़ा ट्रेन का परिचालन सावन माह के बाद भी जारी रखने की मांग की। उन्होंने पटना से फतुहा, इस्लामपुर, नटेशर और कोडरमा होते हुए रांची तक नई रेल सेवा शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा। बैठक में सांसद ने नालंदा जिले के विभिन्न रेलवे हॉल्टों के स्थान परिवर्तन और विकास का मुद्दा उठाया। उन्होंने अमावा, ओंदा, मोहम्मदपुर तथा शेरपुर जैसे प्रस्तावित हॉल्टों के लिए पुनः सर्वेक्षण कराने की मांग की। साथ ही नवादा–पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन का ठहराव लच्छू बिगहा स्टेशन पर सुनिश्चित करने की बात कही।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बख्तियारपुर– तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिलसा और एकंगरसराय रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई एवं लंबाई बढ़ाने तथा फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग को भी मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म की ऊंचाई कम होने के कारण यात्रियों को परेशानी होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि संबंधित स्टेशनों के प्लेटफॉर्म उन्नयन का डीपीआर तैयार कर लिया गया है तथा आने वाले समय में नालंदा जिले के स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। सांसद ने राजगीर, नालंदा और पावापुरी जैसे बौद्ध सर्किट से जुड़े रेलवे स्टेशनों को शीघ्र अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नालंदा की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए इन स्टेशनों का विकास आवश्यक है। बैठक के दौरान सांसद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रेल मंत्री छपजपी ज्ञनउंत के कार्यकाल में नालंदा में रेलवे के क्षेत्र में व्यापक विकास हुआ था। उन्होंने कहा कि उन कार्यों को आगे बढ़ाने और संरक्षित रखने की आवश्यकता है। सांसद ने यह भी कहा कि कोडरमा से बाढ़ एनटीपीसी तक कोयले की आपूर्ति रेल मार्ग से सुगमता से हो रही है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बल मिला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नालंदा में रेलवे से जुड़ी जनसुविधाओं के विस्तार और विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे तथा जनता की जरूरतों के अनुरूप हर संभव कदम उठाया जाएगा।

# राजगीर मॉब लिंचिंग और नगरनौसा प्रकरण को लेकर बिहारशरीफ में दलित–अति पिछड़ा न्याय मार्च, पप्पू यादव ने सरकार पर साधा निशाना





**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** राजगीर मॉब लिंचिंग कांड और नगरनौसा डिग्री कॉलेज विवाद में पुलिस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को बिहारशरीफ में व्यापक जनाक्रोश देखने को मिला। इन दोनों घटनाओं को लेकर आयोजित 'दलित–अति पिछड़ा न्याय मार्च' में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर न्याय की मांग उठाई। मार्च में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी शामिल हुए और राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। न्याय मार्च श्रम कल्याण केंद्र मैदान से शुरू होकर जिला समाहरणालय तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। समाहरणालय पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मार्च को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि राज्य में दलितों और अत्यंत पिछड़े वर्गों पर अत्याचार एवं शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने राजगीर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि दो युवकों की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई, लेकिन अब तक सीमित कार्रवाई ही हुई है। उन्होंने मांग की कि मामले में शामिल सभी दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा दिलाई जाए तथा मृतकों के परिजनों को 50–50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। नगरनौसा प्रकरण पर भी सांसद ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों और अत्यंत पिछड़े वर्गों के लोगों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पप्पू यादव ने कहा कि यदि पीड़ितों को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा राज्यपाल से मुलाकात की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और बिहार बंद का आह्वान करने पर भी विचार किया जाएगा।मार्च में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, वि. भन्न संगठनों के प्रतिनिधि तथा आम लोग शामिल हुए। सभी ने राजगीर और नगरनौसा मामलों में निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।



# उदिता सिंह ने नालंदा के जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया, विकास योजनाओं में तेजी का भरोसा



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** उदिता सिंह ने प्रशासनिक परंपरा एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत नालंदा जिले के जिलाधिकारी का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण किया।

उन्होंने प्रभारी जिलाधिकारी–सह–अपर समाहर्ता श्री राजीव रंजन कुमार सिन्हा से जिला प्रशासन का प्रभार लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित सभी विकासात्मक एवं जनहितकारी कार्यों को निरंतरता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास तथा आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी पदाधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, प्रभारी उप विकास आयुक्त–सह–अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदा. धिकारी (गोपनीय शाखा), जिला नजारत शाखा के उपसमाहर्ता, जिला स्थापना शाखा के उपसमाहर्ता, वरीय कोषागार पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



# साइबर सेल अधिकारी बन युवक का अपहरण, छह घंटे में सकुशल बरामद; दो गिरफ्तार




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (नालंदा)।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के संगत टोला में साइबर सेल के अधिकारी बनकर एक युवक के कथित अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपहर्ताओं ने स्वयं को समस्तीपुर साइबर सेल का पुलिस पदाधिकारी बताकर युवक को घर से अपने साथ ले लिया और बाद में परिजनों से फिरौती की मांग की। हालांकि कतरीसराय पुलिस की त्वरित कार. 'वाई से युवक को महज छह घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता समेत अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब आठ बजे चार व्यक्ति सादे लिबास में संगत टोला निवासी टुनटुन प्रसाद के घर पहुंचे। उन्होंने स्वयं को समस्तीपुर साइबर सेल का अधिकारी बताते हुए रौशन कुमार उर्फ नेपाली को पूछताछ के नाम पर अपने साथ ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ, क्योंकि किसी भी बाहरी पुलिस टीम द्वारा स्थानीय थाना को इसकी सूचना नहीं दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। परिजनों से पूछताछ के दौरान मामला अपहरण का प्रतीत हुआ। इसी बीच अपहृत युवक के मोबाइल फोन से परिजनों को कॉल कर रुपये की मांग की गई। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर अपहर्ताओं की लोकेशन ट्रेस की तथा इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में गिरियक इंस. पेक्टर सुमंत कुमार, गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत प्रसाद, कतरीसराय प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार तथा एसआई मुकुंद भारती शामिल थे।पुलिस ने नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित चक धरमपुर गौरक्षणी मोहल्ला में मंगलवार देर रात छा. पेमारी की। छापेमारी के दौरान अपहृत रौशन कुमार उर्फ नेपाली को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस दौरान लाल कुमार और दीपक कुमार, दोनों पिता चुन्नू प्रसाद, निवासी वारसलीगंज, जिला नवादा को गिरफ्तार किया गया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले मुख्य साजिशकर्ता समेत दो अन्य आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में फिरौती के उद्देश्य से अपहरण की साजिश रचने की बात स्वीकार की है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में अपहृत युवक की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन (पीवाई–01–बीबी–5543) तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। स्थानीय थाना में लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा जा रहा है, जबकि फरार आरो. पितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# भाजपा जिला कार्यालय सहित बूथ स्तर पर मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मंगलवार को पूरे नालंदा जिले में बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। जिले के सभी मंडलों एवं बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके प्रेरणादायी जीवन एवं विचारों पर चर्चा की। भाजपा जिला कार्यालय, मेहनौर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देशभक्ति, राष्ट्रवाद और संगठन क्षमता के अद्वितीय प्रतीक थे। जम्मू–कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका जीवन देश और समाज के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यक्रम अपने प्रेरणास्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद ही प्रारंभ होता है।उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के अखंड भारत और राष्ट्रवाद के विचारों को देश की जनता ने स्वीकार किया है। आज देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा एवं एनडीए की सरकारें सुशासन और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही हैं। उनके विचार आज भी करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, जिला मंत्री अमरेश कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, कार्यालय सह मंत्री सुभाष सिंह, धनंजय कुमार, अनुग्रह नारायण, सोनू कुमार हिंदू, परवलपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान को आधुनिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में मंगलवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम–सह–खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शारदीय (खरीफ) महाअभियान–2026 के अंतर्गत हुआ।उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुबीली देवी,आत्मा अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद,बीएओ ब्रजकिशोर चरण, केवीके के वैज्ञानिक डॉ उदय प्रकाश नारायण, तेलमर मुखिया हरिनारायण सिंह,20 सुत्री के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार व पससं राणा शैलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। लोगों ने किसानों को आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दिया।साथ हीं किसान रजिस्ट्री,प्रकृतक खेती,मिट्टी जांच,उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण,साहिवाल सहित अन्य देशी गाय को पालने,जुलाई के प्रथम सप्ताह के पहले धान बिचड़ा गिराने व कृषि योजनाओं विस्तृत जानकारी दी गई।आत्मा अध्यक्ष श्री चंद्रदेव ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरिफ महाअभियान के तहत देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को खेत बचाओ अभियान के तहत मिट्टी जांच, हरी खाद के प्रयोग, फसल चक्र अपनाने, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और वैज्ञानिक फसल पद्धति पर जोर दिया ।कहा कि इन उपायों को अपनाकर किसान अपनी भूमि की उर्वरता बनाए रखते हुए उत्पादन बढ़ा सकते हैं। वहीं केवीके के वैज्ञानिक डॉ उदय ने जुलाई के प्रथम सप्ताह तक धान के बिचड़ा गिराने को कहा। उन्होंने खाद के प्रयोग पर भी प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम कि अध्यक्षता बीएओ श्री चरण ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों के लिए उपलब्ध कराए गए अनुदानित बीजों की जानक. ारी दी।उन्होंने किसानों से विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए समय पर बीज प्राप्त कर खेती की तैयारी करने को कहा। उन्होंने किसानों को कृषि क्षेत्र में डिजिटल सु. विधाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया। बताया कि किसान बिहार कृषि ऐप के माध्यम से विभागीय योजनाओं, कृषि संस्थानों और वि. भन्न तकनीकी जानकारियों तक आसानी से पहुंच सकते हैं।इस दौरान अन्य मौजूद लोगों ने भी किसानों को जागरूक किया। उन्होंने कहा प्रखंड में 280 प्लॉट का मिट्टी जांच का लक्ष्य मिला है। लेकिन आप कम लागत में अपने खेत कि मिट्टी की जांच केवीके संस्थान से भी करा सकते हैं। उन्होंने कहा यहां रवि ,खरिफ और गरमा की खेती करते हैं। उन्होंने कहा 15–16 प्रकार के पोषक तत्व होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में 12 हजार 193 हेक्टेयर में धान बोने का लक्ष्य है।इस दौरान खेत की मिट्टी करें पुकार मत जलाओ तार–पुआल,कभी नहीं जलाना मिट्टी आदि नारे से किसानों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड कृषि समन्वयक मंगलम आर्य ने किया।मौके पर सरथा पंचायत समिति सदस्य राणा शैलेश सिंह,बीटीएम प्रवीण पाण्डेय,एटीएम अभय, प्रखंड कृषि समन्वयक रवि व आरती,कृषि सखी पिंकी,किसान सलाहकार सुजीत,अशोक,बबलू सहित अन्य मौजूद थे।

# हरनौत के नयाखंधा गांव में स्थित गैस एजेंसी कार्यालय पर हमला, लाखों की संपत्ति क्षतिग्रस्त, संचालक ने दर्ज कराई शिकायत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** तेलमर थाना क्षेत्र के नयाखंधा गांव में संचालित गैस एजेंसी के कार्यालय में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। मामले में एजेंसी संचालक ने तेलमर थाना में आवेदन देकर चार नामजद एवं तीन–चार अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शंकर भारत गैस ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के मैनेजर अतुल कुमार ने बताया कि बीते 21 जून को दोपहर करीब 2रू53 बजे एक ग्राहक के साथ गैस वितरण संबंधी कार्य कर रहे थे। इसी दौरान करीब आधादर्जन की संख्या में बदमाश कार्यालय पहुंचे और स्टाफ से छह सिलेंडर की मांग करने लगे। जब स्टाफ ने विरोध किया तो बदमाशों ने स्टाफ के साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़ता देख बीच बचाव करने के लिए गए एक ग्राहक भी घायल हो गए। इस संबंध में उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपितों ने कार्यालय के मेन गेट का शीशा, कार्यालय में रखे लैपटॉप, दो डेस्कटॉप, दो मॉनिटर और दो प्रिंटर को क्षतिग्रस्त कर दिया।जिससे करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान पहुंचाया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। एजेंसी मैनेजर ने बताया कि बदमाशों के द्वारा गैस गोदाम नहीं चलाने देने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। उन्होंने इस मामले में विक्की यादव, रिशु यादव, शिशु यादव, सौरभ यादव को नामजद किया गया है साथ ही 3 से 4 अज्ञात के विरुद्ध आवेदन दिया है। वही एजेंसी के संचालक मिथिलेश रविदास ने बताया कि इस एजेंसी में लगभग 13 हजार कंज्यूमर है। कंप्यूटर एवं लैपटॉप टूट जाने से ऑनलाइन से संबंधित कार्य बाधित हो रहा है। जिससे प्रतिदिन 60 से 70 उपभोक्ता निराश होकर लौट जाते हैं। इस संबंध में तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120
9931609015

# भाजपा की सम्राट सरकार में दलितों–पिछड़ों पर हमले की बाढ़ आ गई है : गोपाल रविदास

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर के झुनकिया बाबा मंदिर में दो दलित युवकों की पीट–पीटकर हत्या तथा नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर हुए पुलिस दमन के मुद्दे पर मंगलवार को भाकपा माले की राज्य स्तरीय टीम ने गंजपर गांव पहुंचकर मृतक श्रवण पासवान और पिंटू पासवान के परिजनों से मुलाकात की। टीम ने घटना की जानकारी ली, शोक–संवेदना व्यक्त की तथा न्याय की लड़ाई में साथ रहने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी के सदस्य एवं पूर्व विधायक गोपाल रविदास, पूर्व विधायक एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य मनोज मंजिल, जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, जिला कमेटी सदस्य अनिल पटेल, सुनील कुमार, किशोर साव सहित अन्य नेता शामिल थे। मौके पर गोपाल रविदास ने आरोप लगाया कि राज्य में सत्ता संरक्षण में पुलिस, सामंत और अपराधी गठजोड़ के जरिए दलितों, गरीबों और कमजोर तबकों पर हमले बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर की घटना में शामिल मुख्य आरोपी सहित सभी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए तथा मामले की स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सुनवाई कर कठोर सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 50–50 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा अन्य सरकारी



सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।वहीं मनोज मंजिल ने कहा कि एक ओर राजगीर में दलित युवकों की बेरहमी से हत्या की गई, वहीं दूसरी ओर नगरनौसा में सरकारी डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र–छात्राओं और अभिभावकों पर पुलिस कार्रवाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून–व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। माले नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कार्यकाल में सामाजिक न्याय, विकास और सद्भाव की जगह हिंसा, दमन और भय का माहौल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन दोषियों को सजा दिलाने के बजाय जनाक्रोश और न्याय की मांग को दबाने में लगा हुआ है। भाकपा माले ने घोषणा की कि राजगीर के झुनकिया बाबा मंदिर कांड और नगरनौसा पुलिस दमन के विरोध में 25 जून को प्रतिरोध दिवस मनाया जाएगा। पार्टी ने आम जनता से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# 3 करोड़ की कथित ठगी मामले में 'बाबा के लाडला' डबलू को झटका, जमानत याचिका खारिज

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोट नूरसराय (नालंदा)।** चर्चित 3 करोड़ रुपये की कथित ठगी मामले में खाटू श्याम भक्त एवं धार्मिक प्रवचनकर्ता के रूप में पहचान रखने वाले नीतीश कुमार उर्फ डबलू को बड़ा झटका लगा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही फिलहाल उन्हें जेल में ही रहना होगा। जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार उर्फ डबलू 13 जून से न्यायिक हिरासत में हैं। उन पर लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी वीरेंद्र प्रसाद से जमीन दिलाने के नाम पर करीब 3 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जमानत के लिए डबलू की ओर से अधिवक्ता पंकज कुमार ने सीजेएम की अदालत में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता वीरेंद्र प्रसाद की ओर से अधिवक्ता वीरेन सिंह ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने मामले की गंभीरता और आरोपों की प्रकृति का हवाला देते हुए जमानत नहीं देने की मांग की।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीजेएम कुलदीप सिंह की अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के इस फैसले के बाद डबलू को तत्काल कोई राहत नहीं मिली है और उनकी न्यायिक हिरासत जारी रहेगी। यह मामला बिहारशरीफ और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है। धार्मिक आयोजनों और प्रवचनों के माध्यम से पहचान बनाने वाले डबलू के खिलाफ करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने के बाद लोगों के बीच विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं। कानूनी जानकारों के अनुसार, जमानत याचिका खारिज होने के बाद बचाव पक्ष अब उच्च न्यायालय का रुख कर सकता है। हालांकि फिलहाल अदालत के आदेश के अनुसार डबलू को जेल में ही रहना होगा और मामले की आगे की सुनवाई न्यायालय में जारी रहेगी।

# राजगीर मलमास मेले में घूमने आए अधेड़ की संदिग्ध मौत, जापानी मंदिर के पास मिला शव

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजगीर मलमास मेले में घूमने आए एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राजगीर थाना क्षेत्र स्थित पुरानी जापानी मंदिर के समीप से पुलिस ने शव बरामद किया है। मृतक की पहचान जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़ैया गांव निवासी स्वर्गीय बनारसी राम के 55 वर्षीय पुत्र राजदेव राम के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र उत्तम कुमार ने बताया कि उनके पिता की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। हालांकि इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ था, लेकिन वे अक्सर बिना किसी को बताए घर से निकल जाते थे। पूजा–पाठ और धार्मिक गतिविधियों के प्रति उनकी विशेष रुचि थी, जिसके कारण वे समय–समय पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर चले जाते थे। मृतक के साले रोहित राम ने बताया कि राजदेव राम 8 जून को राजगीर में आयोजित मलमास मेले में शामिल होने और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए घर से निकले थे। परिजनों की उनसे अंतिम बार 13 जून को फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका।सोमवार को राजगीर पुलिस ने पि. रजनों को सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान राजदेव राम के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिजन देर रात बिहारशरीफ पहुंचे। मंगलवार सुबह आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पैतृक गांव जमुई ले जाने की तैयारी की गई। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि जापानी मंदिर के समीप एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त की गई तथा परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परि. जनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# कल्याण बिगहा इंडोर शूटिंग रेंज में 35वीं बिहार स्टेट शूटिंग चौम्पियनशिप प्रतियोगिता शुरू

## नालंदा रायफल कल्ब के अनुपम ने 559 स्कोर के साथ पहले स्थान पर जबकि 551 लाकर तन्मय राज दूसरे

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (बिहार)।** बिहार स्टेट राइफल एसोसिएशन(बीएसआरए) के तत्वावधान में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड स्थित इंडोर शूटिंग रेंज कल्याण बिगहा में तीन दिवसीय 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप शुभारंभ मंगलवार से किया गया। दस मीटर एयर पिस्टल एवं 10 मीटर एयर राइफल में पहले दिन दर्जनों निशानेबाज ने अपना हुनर दिखाया।वहीं शुटिंग रेंज के प्रभारी उमेश पासवान एवं कोच कौशल नौगरैया ने बताया कि आयोजित इस प्रतियोगिता में एनआर और आईएसएसएफ इवेंट चली। जिसमें महिला–पुरूष वर्ग,जूनियर,यूथ,सब यूथ ,मास्टर श्रेण,ओपन साइट वर्ग आदि में प्रतिस्पर्धा हुई। जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों के नालंदा रायफल कल्ब,मगध रायफल कल्ब,मुंगेर रायफल एसोसिएशन, पाटलीपुत्रा गन शूटिंग एकेडमी, सीटी रायफल कल्ब,विज्ञानन्द शुटिंग क्लब, मुजफ्फरपुर रायफल कल्ब एंड एकेडमी,पीसीएसए शूटिंग रेंज,बरौनी रायफल कल्ब,आर्मस्ट्रांग शूटिंग एकेडमी, ग्रीन फिल्ड ,बिपार्ड शूटिंग टीम,स्वराज शूटिंग एकेडमी,एक्साईलेंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी सहित अन्य क्लब/एकेडमी के करिब 65 प्रतिभ: ागी ने शामिल होकर दो डिटेल(पारी) में निशाना साधकर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया।उन्होंने कहा कि इस आयोजन को निगरानी एवं देख–रेख के लिए दिल्ली, बंगलौर सहित अन्य जगहों से विशेष तकनीकी



पदाधिकारियों की टीम मौजूद हैं।तकनीकी विशेषज्ञ में अंजन कुमार सिंह,विजयपाल,मतीस कुमार सिंह आदि शामिल हैं।वहीं समापन और मेडल वितरण समारोह 25 जून को शाम तीन बजे होगा।जहां वरिष्ठ अफसर,जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और खेल प्रेमी मौजूद रहेंगे।जहां चयनित विजेताओं को मेंडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।मौके पर बिहार स्टेट राइफल एसोसिएशन(बीएसआरए) के सचिव कुमार त्रिपुरी सिंह, उपाध्यक्ष श्रीगया प्रसाद,प्रशिक्षक निलेश कुमार, लक्ष्मी शंकर उज्जैन सहित अन्य मौजूद थे।

**पहले दिन इन निशानेबाज का रहा सर्वाधिक स्कोर**

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पहले दिन कई निशानेबाज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने जिले का नाम रौशन किया। शुटिंग रेंज के प्रभारी उमेश पासवान ने कहा कि 10 मीटर एयर पिस्टल में नालंदा रायफल कल्ब के अनूपम कुमार ने 600 में से 559 स्कोर तथा तन्मय राज 551 स्कोर तथा पाटलीपुत्रा गनस शुटिंग एकेडमी के अभिजीत प्रताप ने 550 स्कोर लाकर क्रमशः प्रथम,द्वीतीय तथा तृतीय स्थान पर रहा। जबकि 10मी एयर राइफल में 654 में से पाटलीपुत्रा गनस शुटिंग एकेडमी के अर्पीत कुमार ने 614 व श्रेयांशी लोहिया ने 612 तथा नालंदा रायफल कल्ब के मयंक ने 611 स्कोर लाकर क्रमशः प्रथम द्वीतीय तथा तृतीय स्थान पर रहा।

# NEET UG री–एग्जाम में सॉल्वर गैंग का खुलासा

## 9 गिरफ्तार; जांच की आंच पावापुरी मेडिकल कॉलेज तक पहुंची

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** NEET UG 2026 की री–एग्जाम परीक्षा के दौरान बिहार में एक बार फिर कथित सॉल्वर गैंग का मामला सामने आया है। लखीसराय जिले के हसनपुर स्थित उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर मूल परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में मेडिकल छात्र, मूल परीक्षार्थी, उसके भाई तथा बायोमैट्रिक सत्यापन टीम के छह कर्मियों समेत कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार को आयोजित परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक मृत्युंजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि एक फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुआ है। सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट प्राची कुमारी और पुलिस निरीक्षक विजय कुमार की मौजूदगी में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की दोबारा जांच की गई। जांच के दौरान नालंदा जिले के नगरनौसा निवासी परीक्षार्थी संजीत कुमार के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मंतोष कुमार, निवासी मधेपुरा बताया। पुलिस के अनुसार मंतोष ने स्वयं को न्यू जलपाईगुड़ी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष का छात्र बताया। पुलिस का दावा है कि मंतोष की निशानदेही पर परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद मूल परीक्षार्थी संजीत कुमार और उसके भाई रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी आरोप सामने आया है कि मूल परीक्षार्थी की जगह दूसरे व्यक्ति को परीक्षा दिलाने के लिए लाखों रुपये का सौदा तय किया गया था।जांच के दौरान बायोमैट्रिक सत्यापन प्रक्रिया पर भी सवाल उठे हैं। पुलिस के अनुसार, फिंगरप्रिंट मिलान नहीं होने के बावजूद आरोपी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस मामले में बायोमैट्रिक टीम के छह कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर्मियों में सुपरवाइजर बादल कुमार समेत कृष्णा कुमार, अंकित कुमार, मुकुंद कुमार, उदय कुमार और अखिलेश कुमार शामिल हैं। एफएसएल टीम ने मौके से कथित रूप से संपादित आधार कार्ड, एडमिट कार्ड, चार अटेंडेंस टैब और नौ मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मामले की जांच का दायरा अब भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (ठडप्डै), पावापुरी तक पहुंच गया है। कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के बावजूद कुछ छात्रों के अनुपस्थित पाए जाने के बाद पुलिस और प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, संदिग्ध छात्र रविशंकर समेत कुछ छात्र निर्धारित समय पर उप. स्थित नहीं मिले। उनके मोबाइल फोन भी बंद बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले के तार बिहार और अन्य राज्यों के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से जुड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसियों का दावा है कि अब तक इस नेटवर्क से जुड़े 24 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें विभिन्न मेडिकल संस्थानों के छात्र और बायोमैट्रिक कंपनी के कर्मी शामिल हैं। कवैया थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच ट्रैफिक डीएसपी अजय कुमार को सौंपी गई है। पुलिस मुख्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। मामले के सामने आने के बाद नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र स्थित खपुरा गांव में भी चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गिरफ्तार संजीत कुमार और रंजीत कुमार एक शिक्षित एवं प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं, जबकि माता आंगनबाड़ी सेविका के रूप में कार्यरत हैं।ग्रामीणों का कहना है कि दोनों भाई लंबे समय से घर से बाहर रहकर पढ़ाई करते थे और गांव में कम ही आते–जाते थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

# बंदरों के आतंक से परेशान हैं राजगीर शहर के लोग, छत पर निकलने में लगता है डर





**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नगर परिषद राजगीर के मोहल्लों में सालों से लोग बंदरों के आंतक से परेशान हैं। इसके बाद भी वन विभाग की नींद नहीं टूटती है। अशोक नगर, काली बाड़ी, पंचवटी नगर, रेलवे स्टेशन के पास का इलाका या शहर के अन्य मोहल्लों में बंदरों ने डेरा डाल रखा है। बंदरों ने गौतम बिहार होटल को भी अपना आशियाना बनाया हुआ है। उसके छत पर अक्सर घुमते नजर आते हैं। इस कारण शहर के मोहल्लों में लोगों को अपने घर छत पर जाना परेशानी बन गया है। कालीबाड़ी निवासी शत्रुघन कुमार ने बताया कि उनकी माता कांति देवी को घर में ही बंदर ने काट लिया जिसको लेकर रेबीज इंजेक्शन के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल जाकर दिलाना पड़ा। राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल का तो हाल ही बेहाल है। यहां पर दवा मिलना काफी कठिन काम है। वहीं बालेश्वर पांडेय, मुन्नी देवी सहित कई ला. `गों को बंदर काट कर घायल कर दिया है। लोग डर के साये में जी रहे हैं। कब किस समय बंदर घर में आकर घायल कर दे किसी को कोई पता नहीं। बताया जाता है कि प्रचंड गर्मी के कारण बंदर जंगल से गांव टोले मोहल्ले की ओर रूख कर रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी वन क्षेत्र के पदाधिक. ारी बेखबर हैं। इससे पहले के सालों में भी बंद. रों ने दर्जनों लोगों को काटा है। इससे लोग घायल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि लोग अपने छत पर सामान भी नहीं सूखा पाते हैं। बंदर आकर उसे बर्बाद कर देता है। लोगों ने कहा कि जब से जंगल क्षेत्र में नेचर सफारी और जू सफारी का निर्माण हुआ तब से बंदरों का आतंक बढ़ा है। जंगल का कटाव हुआ। उसके रहने के जगह में अब लोग रहने लगे। पानी का स्त्रोत को भी विकास के चक्कर में बंद कर दिया गया। पहले जंगल में जरासंध अखाड़ा होते हुए एक पइन आती थी। इसमें अक्सर पानी रहता था। मनियार मठ और मृगविहार के बीच में बंदर पहले गर्मी में इसी पानी में अठखेलियां करते थे। अब वह दृश्य नहीं रहा। इस कारण भी बंदर गर्मी में शहर की ओर रूख करते हैं। लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से बंदरों को पकड़ने और उसे वन क्षेत्र में ही रखने की मांग की है। उनके लिए जंगल क्षेत्र में पानी की बेहतर व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वे शहर की ओर नहीं आएं।

# चौहरमल मंदिर के पास चंदा वसूली के दौरान युवक की मौत, हत्या का मामला दर्ज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट अस्थावा (नालंदा)।** अस्थावां थाना क्षेत्र के कोनन्द गांव स्थित चौहरमल मंदिर के पास चंदा वसूली के दौरान हुई घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हत्या समेत विभिन्न धाराओं में प्राथ. मिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 21 जून 2026 को सूचना मिली कि कोनन्द गांव स्थित चौहरमल मंदिर के पास आगामी चौहरमल महोत्सव को लेकर कुछ लोग चंदा मांग रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवककृचिंटू कुमार (19 वर्ष), पिता गोलन यादव, निवासी जहॉगीरपुर तथा सचिन कुमार, पिता उदय यादव, निवासी कोनन्द, दोनों थाना अस्थावां, वहां से गुजर रहे थे। आरोप है कि चंदा मांग रहे लोगों ने बाइक को रोकने के लिए सड़क पर बांस फंसा दिया, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान चिंटू कुमार की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के भाई द्वारा दिए गए



आवेदन के आधार पर अस्थावां थाना कांड संख्या 186/26, दिनांक 23 जून 2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।मृतक चिंटू कुमार के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं, एफएसएल टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक के टूटे हुए हिस्सों सहित अन्य साक्ष्यों को एकत्र किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

# एटीएम में महिला से 60 हजार रुपये की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर के गया रोड स्थित इंडियन बैंक के एटीएम में एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। जाल. साजों ने एटीएम से रुपये निकालने पहुंची महिला के खाते से 60 हजार रुपये की निकासी कर ली। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मनीचक गांव निवासी गुड़िया देवी लोन की राशि निकालने के लिए गया रोड स्थित इंडियन बैंक के एटीएम पहुंची थीं। महिला ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि एटीएम में रुपये निकालने के दौरान उनके पीछे खड़ा एक व्यक्ति उनका पिन नंबर देख रहा था। इसके बाद उसने महिला से कहा कि उनके खाते से पैसा नहीं निकलेगा।महिला को इस बात का आभास नहीं हुआ, लेकिन कुछ देर बाद उनके खाते से 60 हजार रुपये की निकासी हो गई। खाते से राशि निकलने की जानकारी मिलने पर महिला ने स्थानीय थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इधर, पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि ठगी में शामिल व्यक्ति की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस ने लोगों से एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहने और किसी अनजान व्यक्ति के सामने अपना पिन साझा नहीं करने की अपील की है।

# नमाज अता कर लौट रहे प्रधानाध्यापक को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, जख्मी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर के मलह. बिगहा मोहल्ला के इस्लामपुर–राजगीर मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में चौरमा स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जुनैद जख्मी हो गए। बताया जाता है कि वे नमाज अता कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मलह बिगहा मोहल्ला के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें चपेट मे लेकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमे प्रधानाध्यापक जख्मी हो गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। टक्कर लगते ही मोहम्मद जुनैद सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और जख्मी प्रधानाध्यापक को तत्काल उपचार के लिए मलह बिगहा मोहल्ला स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज गति से वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों ने फरार स्कॉर्पियो चालक की पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस घटना की जानकारी जुटाने और वाहन की पहचान करने में लगी हुई है। घटना के बाद मो. हम्मद जुनैद के शुभचिंतकों और विद्यालय परिवार के लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# मुहर्रम को लेकर नूरसराय पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था की गई पुख्ता

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोट नूरसराय (नालंदा)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर नूरसराय थाना पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, नूरसराय थाना क्षेत्र में पुलिस इंस्पेक्टर मनीष भारद्वाज, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार, सुमित कुमार समेत अन्य अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न दरगाहों, इमामबाड़ों तथा प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 जून को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसे देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्ती बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की व्यवस्था की गई है।



पुलिस प्रशासन का कहना है कि मुहर्रम जुलूस और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या कानून–व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने तथा किसी भी सं. दग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है। नालंदा जिले में मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# मुहर्रम को लेकर जिला शांति समिति की बैठक

## 118 जुलूसों को लाइसेंस, डीजे व हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ पर्व के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि जिलेभर में 26 जून को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बिजली, पेयजल, साफ–सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन दस्ता तथा नियंत्रण कक्ष की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाहरी असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए जिले के विभिन्न प्रवेश मार्गों पर ड्रॉप गेट एवं नाका जांच अभियान चलाया जाएगा। उपद्रवियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुहर्रम जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से की जाएगी। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि मुहर्रम के दौरान कानून–व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलेभर में कुल 118 जुलूसों के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं। सभी आयोजकों को लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि किसी भी छोटी से छोटी घटना की सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार मुहर्रम जुलूस में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के घातक हथियार, तलवार, भाला, बरछी, कुल्हाड़ी, कटार, हॉकी स्टिक आदि के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। जुलूस के दौरान आतिशबाजी भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जुलूस निर्धारित समय, रूट एवं शर्तों के अनुसार ही निकाले जाएंगे। आयोजकों को लाइसेंस साथ रखना अनिवार्य होगा। अस्पताल, मंदिर एवं मस्जिद के पास से गुजरते समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बंद रखना होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के विवादित भाषण, भड़काऊ नारे, राजनी. तिक पोस्टर, स्लोगन या कार्टून के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूस में शामिल लोगों को पहचान पत्र साथ रखना होगा तथा कोई भी व्यक्ति अपना चेहरा ढंककर नहीं चलेगा। बैठक में उपस्थित जिला शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी नियमों और शर्तों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अनुमंडल पदा. धिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाने की अपील की है।

# उर्वरकों की कालाबाजारी पर सख्ती, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोट बिहारशरीफ (नालंदा)।** किसानों को निध. ारित दर पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिले की सभी उर्वरक कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उर्वरकों के संतुलित एवं पारदर्शी वितरण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी उर्वरक कंपनियों को निर्देश दिया कि जिले को आवंटित उर्वरकों का वितरण सभी थोक विक्रेताओं के बीच समानुपातिक रूप से किया जाए। किसी एक या कुछ चुनिंदा विक्रेताओं के पास उर्वरकों का संकेन्द्रण नहीं होना चाहिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कई बार कंपनियां विभाग की पूर्व अनुमति के बिना उर्वरक रैक का डिस्पैच कर देती हैं और बाद में इसकी सूचना दी जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया गया कि उर्वरक रैक के डिस्पैच होने से कम–से–कम दो दिन पूर्व विभाग को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिले में किसी भी परिस्थिति में उर्वरकों की कमी नहीं होने दी जाएगी। थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।




साथ ही खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की पीओएस मशीनों में लंबे समय से उपलब्ध उर्वरक भंडार की सूची विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यक सत्यापन और जांच की जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उर्वरक कंपनियां एवं थोक विक्रेता खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की जबरन बिक्री नहीं करेंगे। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान समय में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यूरिया 11,602.41 मीट्रिक टन, डीएपी 2,656.80 मीट्रिक टन, एमओपी 358 मीट्रिक टन, एनपीके 7,356 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 8,261.12 मीट्रिक टन उपलब्ध है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों को निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने के लिए सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों एवं उर्वरक निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निकट भविष्य में कंपनी प्रतिनिधियों, कृषि अधिकारियों, थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि उर्वरक वितरण से जुड़ी समस्याओं और किसानों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा सके।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015